भारतीय कहावत संग्रह

(Proverbs of India)

संपादक

विश्वनाथ दिनकर नरवणे

त्रिवेणी-संगम-भाषा विभाग

Blessings

PRIME MINISTER

Dachigam (Srinagar)
June 28, 1968.

Dear Shri Narawane,

Thank you for your letter.

Your plan to collect proverbs from various parts and languages of our country sounds most interesting.

I wish you success.

Yours sincerely,
Sd. Indira Gandhi

Appreciation

प्रधान मंत्री भवन
Prime Minister's House
New Delhi
January 7, 1984.

Dear Shri Narawane,

The work you have put in your three volumes of collections of Indian proverbs is indeed impressive. The volumes will be helpful as reference books and also as an entertaining introduction to the thought processes of our people.

I send you my good wishes.

Yours sincerely,
Sd. Indira Gandhi

भारतीय कहावत संग्रह

(Proverbs of India)

(भारतीय भाषाओं की चुनी हुई कहावतें)

संपादक

विश्वनाथ दिनकर नरवणे

तृतीय खंड

त्रिवेणी संगम – भाषा विभाग

विशाल भारत की
विराट जनता
की
सेवा में
सादर समर्पित

निवेदन

भारतीय कहावत संग्रह के दो खण्ड तो हम आप की सेवा में प्रस्तुत कर ही चुके हैं। इस दीपावलि के शुभ अवसर पर तीसरे खण्ड की भेंट आप को अर्पित करते हुए हमें आनंद हो रहा है। करीब उन्नीस साल के बाद हम हमारे सपने साकार होते हुए देख रहे हैं। वचनपूर्ति का आनंद अनोखा होता है। कई कठिनाइयों से टकराते हुए हम हमारे गन्तव्य स्थानतक आ ही पहुँचे।

'कोस कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी।' इतने बड़े देश की बीसपचीस प्रमुख भाषाएँ और अनगिनत बोलियों में प्रयोग में आनेवाली कहावतों का चयन, परिशीलन और उन में से अभिव्यक्त होनेवाले सुसंवाद का अनुभव करना यह भी एक रोचक और रंजक बात है। सामूहिक अनुभव को विविध बिंबो के साथ एक ही आशय को प्रस्तुत करनेवाली कहावतों का सामाजिक विचार हमने प्रथम खण्ड की प्रस्तावना में व्यापक रूप से किया है।

तीसरे खण्ड की रचना पहले और दूसरे खण्ड से कुछ निराली है। पहले दो खण्डों में समानार्थी या विषयांतर्गत कहावतों में जो कहावतें सम्मिलित न हो सकीं ऐसी कहावतों का चयन कर के उन कहावतों को भाषानिहाय प्रस्तुत करने का प्रयास हमने इस खण्ड में किया है। हर एक कहावत का हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद दिया हुआ है, जिससे उस कहावत में प्रयोग किया हुआ बिंब-प्रतिमा, दृष्टान्त हमारे सामने ज्यों कि त्यों खड़ा रहे।

पहले दो खण्डों में समानार्थी कहावतों के अंतर्गत स्थानसंकोच के कारन जिन विषयों को स्थान नहीं मिला था ऐसे महत्त्वपूर्ण विषय हमने परिशिष्ट में प्रविष्ट किये हैं - जैसे रिश्तेदार, सत्य-असत्य, स्वार्थ आदि।

हमारें समाजजीवन के निकट जितने भी विषय हैं, उनको कहावतों ने अपने अनुभव-भंडार में सम्मिलित किया है, चाहे मूरख हो या चतुर, निर्धन हो या धनवान, अस्तिक हो या नास्तिक, सती हो या छिनाल, अनपढ़ हो या विद्वान, भाग्यवान हो या अभागा, सब के बारे में कहावतों ने सामूहिक अभिप्राय ग्रथित कर रखे हैं। उन में से किसी को आनंद मिलेगा, किसी को चुनौती मिलेगी, किसी दिल में करुणा का भाव जगेगा। वह तो लेनेवाले पर निर्भर है। हम तो कहावतों का खज़ाना लुटा रहे हैं। उस में से कंकर उठाना या मोती और हीरे उठाना आप के मर्जी की बात है।

अनवधान से या यंत्रदोष से मुद्रण में कहीं दोष रह गये होंगे तो आप हमें क्षमा कीजिए। कहते हैं चाँद में कलंक रहने से उस की शोभा में चार चाँद लग जाते हैं।

आशा है पहले दो खण्डों की तरह तीसरे खण्ड का भी आप स्वागत करेंगे और भारतीय एकात्मता की राह पर चलने के लिये हमें प्रोत्साहित करेंगे।

दीपावलि / शके १९०५

विश्वनाथ नरवणे

ऋणनिर्देश

* भारतीय व्यवहार कोश के प्रकाशन के बाद १९६४ में जब हमने भारतीय कहावत संग्रह के संकलन का श्रीगणेश किया, तब हमारे सामने आर्थिक कठिनाइयों के पहाड़ खड़े थे। परंतु हमारे परम हितैषी श्री. अरविंद मफतलाल ने आवश्यकतानुसार हमें अर्थसहाय देकर हमारी चेतना और गति को अक्षुण्ण रखा, इस लिए हम उनके आभारी हैं, ऋणि हैं।

* कहावत संग्रह की सामग्री जुटाने के लिए हम लगातार दस वर्ष तक भारत के सभी आँचलों में भ्रमण करते रहे। हमारी यह यात्रा रेल मंत्रालय की सक्रिय सहानुभूति से सुकर और सुखद हुई। उन्होंने हमारे लिए विनामूल्य यात्रा की सुविधा प्राप्त करा दी और इस राष्ट्रीय प्रकाशन में अपना उत्तरदायित्व निभाया। भाषा-भगिनिओं के इस सम्मिलन पर उन्होंने जो आस्था दिखाई उसके लिए हमें उनपर गर्व है।

* ग्रंथ का मुद्रण प्रारंभ हुआ और महाराष्ट्र राज्य साहित्य संस्कृति मंडल ने इस बहुभाषिक यज्ञ में अपनी समिधाएँ समर्पित कीं और इस अग्नि को प्रज्वलित रखा। मंडल के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र बारलिंगे तथा सभी सभासदों को हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

* कलकत्ते का राष्ट्रीय ग्रंथालय, पुणे विद्यापीठ ग्रंथालय तथा स्थान स्थान पर जिन छोटे-मोटे ग्रंथालयों ने हमें संदर्भ-ग्रंथ उपलब्ध करा दिए उन सबके हम परम आभारी हैं।

* भारतीय कहावत संग्रह के प्रथम खंड और द्वितीय खंड के बाद अब तीसरा खंड छपकर सिद्ध हुआ है। इस खंड का मुद्रण आनंद मुद्रणालय में हुआ है, अतः उन्हे हम धन्यवाद देते हैं।

* कलात्मक मलपृष्ठ अंतपृष्ठ बनाकर ग्रंथ की सुंदरता में चार चाँद लगानेवाले चित्रकार श्री. दिलीप शिवलकर को हम धन्यवाद देते हैं।

* जिन्होंने भारतीय कहावत संग्रह के तीनों खंडों का मूल्य अग्रिम भेजकर त्रिवेणी संगम के प्रति प्रेम और विश्वास प्रकट किया, उनके सामने हम हमेशा नतमस्तक रहेंगे : उन्हीं सज्जनों ने तो हमें बल दिया और हमारे हौसले बढ़ाए।

* अनगिनत लोगों के प्रेम, सहानुभूति और आशीर्वादोंने हमें शक्ति और प्रेरणा दी है। उन सब के लिए हमारे मन में जो अटूट श्रद्धा है, उसकी अभिव्यक्ति के लिए कोशकार होते हुवे भी हमारे पास शब्द नहीं हैं। प्राथना एक ही है कि लक्ष लक्ष लोगों का प्रेम और समर्थन हमें प्राप्त हो, ता कि हम नित्य नये आविष्कार के साथ आप की सेवा में उपस्थित हो सकें।

—विश्वनाथ नरवणे

आधारस्तंभ

भारत के विविध प्रदेशों से कहावतों का संकलन, चयन, तथा उनके हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद की बात सहज, सरल और सहल तो थी ही नहीं। इस भगीरथ प्रयत्न को निबाहने में, इस गोवर्धन पर्वत को उठाने में जिनके पावन हाथ लगे हैं, उन मेरे सहयोगियों का निर्देश मैं अनिवार्य समझता हूँ। वे सब प्रसिद्धिपराङ्मुख हैं, फिर भी उनके प्रति मेरी जो श्रद्धा है, उसे प्रदर्शित किए बिना मुझसे रहा नहीं जाता। अतः उन महानुभवों के नाम क्रमशः दे रहूँ।

पंजाबी — डॉ. सोहिंदरसिंग बेदी, दिल्ली.

उर्दू — ॲडव्होकेट विनायक महाराज, पुणे.

सिंधी — डॉ. एस्. के. जैतली, दिल्ली.

कश्मीरी — डॉ. प्राणनाथ त्रिसल, श्रीनगर.

मराठी — डॉ. एस्. एम्. परळीकर, पुणे.
प्रा. सौ. वीणा ज. देव, पुणे.

गुजराती — प्रा. डी. एन्. पंडित, गांधीनगर,
प्रा. भूदेव पंड्या, महुवा.

बाङ्ला — श्री. एस्. वी. जोशी, एम्. ए.
नैशनल लायब्ररी, कलकत्ता.
श्री. दिनेश आचार्य, एम्. ए.
नैशनल लायब्ररी, कलकत्ता.

असमीया — श्री. चित्र महंत, गौहाटी.

ओड़िआ — डॉ. नीळकंठ रथ, पुणे.
प्रा. शंकरलाल पुरोहित, भुवनेश्वर.

तेलगु — डॉ. सी. सुब्रह्मण्य शास्त्री, आंध्र विश्व विद्यालय.
डॉ. के. राजशेषगिरि राव, आंध्र विश्व विद्यालय.
प्रा. एस्. भास्कर राममूर्ती, विशाखापट्टणम्.

तमिळ — डॉ. एन्. सुन्दरम्, मद्रास.

मलयाळम् — प्रा. आर. के. राव, एर्नाकुलम्.

कन्नड — प्रा. एम्. के. भारतीरमणाचार्य, बंगलोर.
प्रा. एच. जी. सूर्यनारायण राव, म्हैसूर.

संस्कृत — डॉ. सुरेश लद्दू, पुणे.
प्रा. डॉ. सिंधू भिंगारकर, पुणे.

* *

अनुक्रमणिका

प्रथम और द्वितीय खण्ड में समानार्थी कहावतों मे जो सम्मिलित न हो सकीं, उन में से चुनी हुई कहावतें भाषानुक्रम से हम इस खण्ड में दे रहे हैं। भाषाओं का क्रम आद्याक्षरों से रखा है।

संकेत चिह्न

कों.	कोंकणी	भो.	भोजपुरी
गो.	गोवा	मुँ.	मुँगेर जिला
चंपा.	चंपारन जिला	मुज.	मुजफ्फरपुर जिला
दर.	दरभंगा जिला	राज.	राजस्थानी
पट.	पटना जिला	व.	वऱ्हाडी
फा.	फारसी	शाहा.	शाहाबाद जिला
भाग.	भागलपुर जिला	संब.	संबळपुरी

* *

ध्वनि–विचार

भारत की सोलह भाषाओं की विशेष ध्वनियों को अंकित करने के लिए जिन अक्षरों का उपयोग इस ग्रंथ में किया है, उन की सूची वर्णन के साथ उच्चारण की सुविधा के लिए हम यहाँ दे रहे हैं।

स्वर–विचार

संशोधित देवनागरी	वर्णन
अ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, अर्धविवृत।
अॅ	प्रसारित ओष्ठ, अग्र, अर्धविवृत।
आ॑	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत।
ऑ	गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धविवृत।
उॅ	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, संवृत, ह्रस्व।
ऊॅ	प्रसारित ओष्ठ, पश्च, संवृत, दीर्घ।
ऎ / अॆ	प्रसारित ओष्ठ, अग्र, अर्धसंवृत, ह्रस्व।
ऒ	गोलाकार ओष्ठ, पश्च, अर्धसंवृत, ह्रस्व।

व्यञ्जन–विचार

क़	अघोष, अल्पप्राण, पश्चात् कोमल-तालव्य, स्फोटक-स्पर्श।
ख़	अघोष, कोमल-तालव्य, संघर्षी।
ग़	सघोष, कोमल-तालव्य, संघर्षी।
ग॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, कोमल-तालव्य, स्पर्शी।
च़	अघोष, अल्पप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
छ़	अघोष, महाप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
ज़	सघोष, अल्पप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
ज॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, कठिन-तालव्य, स्पर्शसंघर्षी।
झ़	सघोष, महाप्राण, दन्तमूलीय, स्पर्शसंघर्षी।
ड़	सघोष, अल्पप्राण, मूर्धन्य, उत्क्षिप्त।
ढ़	सघोष, महाप्राण, मूर्धन्य, उत्क्षिप्त।
ड॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, मूर्धन्य, स्फोटक स्पर्श।
फ़	अघोष, दन्त्यौष्ठ्य, संघर्षी।
ब॒	सघोष, अल्पप्राण, अन्तःस्फुटित, द्वयौष्ठ्य, स्पर्श।
ऱ	सघोष, दन्तमूलिय, लुण्ठित।
ळ	सघोष, मूर्धन्य, पार्श्विक।
ऴ	सघोष, मूर्धन्य, संघर्षी।
ँ	चंद्रबिन्दु – नासिकोच्चारण निदर्शक चिन्ह।
्	हलन्त – स्वर के लोप निदर्शक चिन्ह।

* *

※ असमीया ※

अति कथकीक कथाइ खाय, बैद्यक खाय सापे ।

हिं. अ. बातूनिया बातों से मरता है, वैद्य को डँसता है साप ।

E. T. The talkative dies of talking and the doctor dies of snake-bite.

अतिथिक निदिबा लाइ, अतिथिये लारि चारि खाय ।

हिं. अ. अतिथि को अपने घरेलु मामले में दखल न देने दो, अन्यथा वह तुम्हें खा डालेगा ।

E. T. Do not allow a guest to indulge (in your affairs) or else he will swallow you up.

अधिक माछत बगलि कना ।

हिं. अ. बहुत मछलियों में बगुला अंधा ।

E. T. Heron is blind among a shoal of fishes.

अपराक पार करि लय आना आना, श्रीमतीक पार करि खोंजे काणर सोना ।

हिं. अ. औरों को पार कर, (उनसे) लेता है एक एक आना । श्रीमती को पार कर, (उससे) चाहता है कान का सोना ।

E. T. He charges one anna each for ferrying others, but charges the ear ring to ferry shrimati. (Radhika)

अपुतर पुत, कोलाते मुत ।

हिं. अ. निसंतान को पुत्र प्राप्त हो, तो वह गोद में मूतेगा ।

E. T. If a childless one gets a son, he will urinate on the lap. (fondled child)

अबतरीया बेङ्गेनाइ, मोक तोल मोक तोल करे ।

हिं. अ. बे-मौसम का बैंगन कहता है, मुझे तोड़ लो, मुझे तोड़ लो ।

E. T. Brinjals, out of season say, " pluck me; pluck me. "

अभावे स्वभाव नष्ट ।

हिं. अ. अभाव से ही (मनुष्य का) चरित्र पतन होता है ।

E. T. It is the need that spoils character.

अभोकर नभो मुठि ।

हिं. अ. बिन भुखे को नौ मुट्ठी (अनाज)

E. T. Nine handfuls to one who is not hungry.

अमर मरे, अजरा जरे, मराई बाय हाल, लक्ष्मीर टिकात फटाकानि, मोर नाम निधनीयेर भाल ।

हिं. अ. अमर मर गया, अजरा बूढ़ा हुआ, मृत्यु हल चलाता है; लक्ष्मी पहने चीथड़े, मेरा नाम निर्धन ही ठीक है ।

E. T. The immortal died, the everyoung has become old, the plough of death is busy, Laxmi-the goddess of wealth wears rags, its all right my name is ' pennyless. '

अमानुहर घैनीतके भाल मानुहर लिगिरिओ भाल ।
हिं. अ. बुरे परिवार की पत्नी की अपेक्षा अच्छे परिवार की नौकरानी अच्छी ।
E. T. A maidservant of a cultured family is better than the wife from an uncultured one.

अमानुहे मानुह निन्दे, जोनाकीये सूरुज निन्दे ।
हिं. अ. दानव निन्दा करे मानव की, जुगनू निन्दा करे सूरज की । (नीच व्यक्ति सज्जन की निन्दा करता है ।)
E. T. The demon slanders the human being and the glow-worm slanders the sun.

अलप् अर्जन बिस्तर भोजन, सेइ पुरुषर दारिद्र लक्षण ।
हिं. अ. अल्प अर्जन और अधिक भोजन, यही पुरुष का दरिद्र लक्षण । (कम कमाना और अधिक खाना ।)
E. T. Earning little and eating more is the sure sign of becoming poor.

अल्पविद्या भयङ्करी ।
हिं. अ. (थोड़ा ज्ञान) अधूरा ज्ञान अति भयंकर (होता है) ।
E. T. Little learning is dreadful.

आँउसीर धार पूर्णिमात शुजा ।
हिं. अ. अमावस्या की उधार पूनम को चुकाना ।
E. T. Repaying the debt of the dark-moon in the full-moon. (avenging an insult when time is favourable.)

आँठुवा तलर मह, मोहारिलेइ मरे ।
हिं. अ. मच्छरदानी का मच्छर, मारते क्या देर ।
E. T. A mosquito in the mosquito-net, how much time would it take to kill it ?

आइ गैछिल गोसाईं घरलै, मइ गैछिलो लगत, मिठै-कल खाबलै पाइ ताते हलो भकत ।
हिं. अ. माँ गई मंदिर में, मैं भी गया साथ, मिठाई केला (प्रसाद का) खा लिया और मैं भगत बन गया ।
E. T. I accompanied my mother to the temple, ate sweets and bananas for ‘ prasad ’ and I became a devotee.

आखैर तपत, तिरीर शपथ, श्रीलुइतर बालि, इयात यि संजात जाय, दिनके दुचकु खालि ।
हिं. अ. जो मुरमुरे का उत्ताप, स्त्री की शपथ और ब्रह्मपुत्र की बालू का विश्वास करे, वह दिन में आँखोंसे अंधा है ।
E. T. He eats his two eyes (is blind) who believes in the heat of parched rice, oaths of women and the sand bank of Luit. (Brahmaputra).

आग नुगुणे गुणे पाछ, लोभत मरे बरशीर माछ ।
हिं. अ. पहले नहीं सोचे, पीछे सोचे, वंसी मछली मरे लोभ से ।
E. T. Bansi fish dose'nt think in advance and dies of greed.

आगर गरु बाघे खाय ।
हिं. अ. सामनेवाली (आगे आगे चलनेवाली) गाय को बाघ खाता है ।
E. T. The tiger devours up the cow that goes ahead of the herd.

आगर हाल जि फाले जाय, पिछर हालो सेइ फाले जाय ।
हिं. अ. आगे का हल (बैल) जिधर जाएगा, पिछेवाला हल उसी के पीछे चलेगा।
E. T. The plough behind will follow the preceding one.

आगेये जेन एतिया ओ तेन, माजत हे देखिला भकत हेन ।
हिं. अ. पहले जैसा था अब भी वैसा, केवल बीच में भगत सा।
E. T. He is the same now, as he was before; he looked like saint in between.

आचले बिचले हातीओ पिछले ।
हिं. अ. कभी कभी हाथी का पाँव भी फिसलता है।
E. T. At times even an elephant slips.

आछे कथा नपरे मनत, सीताइ कान्दे अशोक बनत ।
हिं. अ. बाते हैं, पर आती न मन में, रोती सीता अशोक बन में। (संदर्भरहित बातें)
E. T. He forgets what he wants to say; Sita weeps in Ashoka forest.

आछों बगली आछों चाइ, कर पानी कत जाय ।
हिं. अ. मैं बक, प्रतीक्षा में हूँ, कहाँ का पानी कहाँ जाता है, देखता हूँ।
E. T. The crane says : I am waiting and watching to see whence the water comes and where it flows.

आड़िर मूर चितलर गदा ।
हिं. अ. 'आड़ि' मछली का माथा, और चीतल मछली की पीठ (मूल्यहीन, बेकार है)।
E. T. The head of the Ari fish and the back part of the 'chital' fish (are equally useless).

आनर आन चिन्ता, बुढ़ी बामुनीर दुखनि काणर चिन्ता ।
हिं. अ. औरों को और बात की चिन्ता, बूढी ब्राह्मनी को अपने कानों की चिन्ता। (चिन्ता का और कोई कारन न होने से।)
E. T Others think of other things; the old Brahmin woman thinks of her ears. (as she has nothing else to worry about.)

आपद थाके दुवार चुकत्, सम्पद थाके बारीर ओरत् ।
हिं. अ. आपत्ति तो दरवाजे के कोने में होती है, सम्पदा तो होती है बाड़ी के छोर में।
E. T. Danger dwells in the corner of the door, fortune lives at the far end of the backyard.

आपोन घरर राइणी, परर घरर डाइनी ।
हिं. अ. अपने घर की रानी, पराई घर की डाकिनी।
E. T. Queen in her own house, but a witch in another's house.

आपोन् सूते पलु बन्दि ।
हिं. अ. अपनें ही धागों में झिनगा बन्दी।
E. T. A caterpillar is entangled in its own threads.

आपोनार छागल, नेजते काटक् बा डिगिते काटक् ।
हिं. अ. अपना बकरा, पूँछ काटो या गर्दन काटो।
E. T. His own goat; he may cut it at the tail or at its neck.

आपोनार मन जेने, संसार को देखे तेने ।
हिं. अ. अपना मन जैसा, संसार को देखे वैसा – (तैसा) ।
E. T. As your mind, so you see the world.

(आ)–अबतरिया बेङेनाइ मोक खा मोक खा करे ।
हिं. अ. बिना मौसम का बैङ्गन कहे, ' मुझे खा, मुझे खा ' ।
E. T. A bringal out of season says " Eat me; eat me. "

आलहीलै बुलि हाँह मारें, गोट घरे खाय ।
हिं. अ. मेहमान के नाम हंस (बतख) मारा, सारे परिवारने खाया ।
E. T. The duck was killed in the name of the guest, but was consumed by the whole family.

आलु खाले भोलानाथे, कल खाले जगन्नाथे, बाकलि चुहिले थि, धन भरि मरिले सि ।
हिं. अ. आलू खाया भोलानाथने, केला खाया जगन्नाथने, छिलका जिसने खाया (चूसा) वह पैसे देते मर गया ।
E. T. The patato was eaten by Bholanath and the plantain by Jagannath. One who ate only the skin; had to suffer the payment.

आहिन कातित राखिबा पानीक, येनेकै राखे रजाइ रानीक ।
हिं. अ. आश्विन कार्तिक में इस तरह रखो पानी, राजा जिस तरह रखता है रानी ।
E. T. Preserve water in the month of Aswin and Kartik just as a king keeps his queen.

इन्द्र सभात फेंचार कुरुलि ।
हिं. अ. इन्द्र की सभा में उल्लू का आलाप – (की चीख) । – अशुभ
E. T. Owls screaming in the durbar hall of Indra. – Inauspicious

उदर सात पुरुष मरिल केंचा माछ खाइ, बान्दरर सात पुरुष मरिल डाल कोबाइ ।
हिं. अ. ऊद–बिलाव का सात पुश्त कच्ची मछली खाते बीता, बंदर का सात पुश्त पेड़ की डालियों पर बीता ।
E. T. The otter has been eating raw fish for the last seven generations, and seven generations of the monkey died on the branches of the trees.

एक घरर पाट नाद, एक घरर जरी, एक घरर पानी तोले होरो होरो करि ।
हिं. अ. कुँआ एक घर का, दूसरे घर की रस्सी और तीसरा घर पानी खींचता है ।
E. T. The well belongs to one household, the string belongs to another, water is drawn by yet another.

एक ठाइर ठाकुर, आन ठाइर कुकुर ।
हिं. अ. एक स्थानपर देवता, दूसरे स्थानपर कुत्ता ।
E. T. Respected as God in one place and despised as a dog in the other.

एक ठाइर बुलि, एक ठाइर गालि ।
हिं. अ. एक स्थान की बोली, दूसरे स्थान की गाली ।
E. T. What is a polite term in one place is an abuse in another.

एकत विश्वास, दुइत मेल, तिनि इलेइ चेल बेल।
हिं. अ. एक में विश्वास, दो में मेल, तीन होते ही भंडाफोड़।
E. T. One is trustworthy, two is company, three together will divulge the secret.

एक पुरुषत गरु खाय, सात पुरुषलै नाम जाय।
हिं. अ. एक पीढ़ी में गोमांस खाया, सात पिढियाँ बदनाम हुई।
E. T. If one generation eats beef, seven generations are disreputed.

एके जापे लङ्का पार।
हिं. अ. एक ही छलांग में लंका में (पहुँचा)।
E. T. Falling on the shore of Lanka just with a leap.

एकेटा बरलार न खन चोताल।
हिं. अ. एक विधुर के नौ अहाते।
E. T. One widower has nine enclosures.

एके पुहें जार नायाय (नाजाय)।
हिं. अ. एक पौष में सर्दी नहीं खतम होती।
E. T. The winter does not vanish in one Paush month.

एके बनत दुटा बाघ ना थाके।
हिं. अ. एक जंगल में दो बाघ नहीं रह सकते।
E. T. Two tigers will not live in the same jungle.

एनेइ उर्ब्बशी, ताते दिछे दुवारे बाटे।
हिन्दी वैसे तो ऊर्वशी (चंचल), तिसपर द्वार खुला।
E. T. Already Urvashi - a slut, moreover she got the gate open for the road.

एलागिक नकरिबा हेला, एलागिक हे पावा बरषुणर बेला।
हिं. अ. उपेक्षिता समझकर उस की अवहेला मत करो, वर्षा के दिनों में वही काम आएगी।
E. T. Do not ignore the unloved one, it is she who will come to you in the rainy day. – She will be useful.

ओख गछत हे बताह लागे।
हिं. अ. ऊँचे पेड़पर ही हवा लगती है।
E. T. 1) The wind beats the tall tree. 2) A tall tree catches the gale.

ओजार नाकत खरे खोवा।
हिं. अ. हकीम की नाक में दाद।
E. T. Ringworm on the doctor's nose.

ओठ चेपिले पियाह ओलाय।
हिं. अ. होंठ निचोड़नेसे दूध निकलेगा।
E. T. Press the lips and mother's milk will come out.

ओपर मातोतार बाटत घर, आहोँतें लाठि, जाओंते चर।
हिं. अ. बीच में टांग अडानेवाले का घर रास्ते के किनारे, आते समय लठ जाते समय थप्पड़।
E. T. One who pokes his nose in others affairs is like a house by the way-side. He gets a blow from the comers and a slap from the goers.

ओपरलै चाले देखे सरग, तलै चाले देखे नरक ।

हिं. अ. ऊपर देखके चलो तो स्वर्ग दिखाई देगा, नीचे देखके चलो तो नरक दिखाई देगा।

E. T. If you look up, you will see the heavens, if you look low, you will see the Hell.

ओवा निन्दे कोवा, कोवा निन्दे भेदेली मोवा ।

हिं. अ. कोई कव्वे की निन्दा करता है, तो कव्वा निन्दा करता है भेदेली मोवा मछली की।

E. T. Owa decries the crow, the crow in its turn decries 'bhedelimoa'. (a kind of small fish). The puthi and khaliha (different fishes) slander the moa-fish.

औटो परि कपौटो मरिल, बगे निरामिह खाय ।

हिं. अ. औटा (एक फल विशेष) गिरकर कपोत मरा और बगुलेने उपवास किया।

E. T. An auta (fruit) fell and a pigeon died, the heron observed fast.

कंकाल भगा बिड़ाली गोसाइ घरत शोवे, गोन्धोवा मुखखन् गाखीरेदि धोवे ।

हिं. अ. टूटी कमरवाली बिल्ली मंदिर में सोवे, बदबूदार मुँह दूध से धोवे।

E. T. The cat with a broken waist sleeps in the temple and washes her foulscented mouth with milk.

कणा कुकुराक पतान दि भाड़े ।

हिं. अ. अंधा मुरगा भूसी देकर ठग जाता है।

E. T. A blind cock is cheated by giving husk to eat.

कणार कि दिन राति ।

हिं. अ. अंधे को क्या दिन, क्या रात।

E. T. What is day and what is night to a blind.

कमारे कि जाने दुखितर लो, यमे कि जाने बारीर एकेंटि पो ।

हिं. अ. लुहार क्या जाने गरीब का लोहा, यम क्या जाने विधवा का इकलौता बेटा।

E. T. The blacksmith does not care for the poor man's iron, death does not care for the only son of a widow.

कलार आगत कथा कय, कलाइ बोले हय हय ।

हिं. अ. बहरे से बातें करें, बहरा हाँ हाँ करे।

E. T. Talk to a deaf, he will simply say "aye aye."

कल्पतरु वृक्ष सबाते समान, मागंताजनक दिये फल दान ।

हिं. अ. कल्पतरु वृक्ष सब के लिये समान, मांगनेवाले को देता है फल-दान।

E. T. The Kalpataru treats all alike; gives fruits [fulfilment] to anyone who asks for.

काइम देखा, फान नेदेखा ।

हिं. अ. काम (एक नीली चिड़िया) को देखा, परन्तु फन्दा नहीं देखा ।

E. T. He sees the 'kam', (a kind of blue bird) but does not see the trap.

काउरीर बाहतँ कुलिर डिमा ।

हिं. अ. कौवे के घोसले में कोयल का अण्डा।

E. T. A cuckoo's egg in a crow's nest

काको परे, तालो सरे ।
हिं. अ. कौआ बैठा और ताल (फल) गिर पड़ा । (काकतालीय न्याय)
E. T. The crow sits and the palm fruit drops.

काटिबर छागल कि शनि कि मङ्गल ।
हिं. अ. कटते बकरे को क्या शनि क्या मङ्गल ।
E. T. Tuesday and Saturday are the same to a goat which is going to be slaughtered.

काठरे बिडाली हओक, एन्दुर माथोन मरक ।
हिं. अ. चाहे बिल्ली काठ की क्यों न हो, चूहे मरने चाहिये ।
E. T. No matter the cat is made of wood, the rats must be killed.

कानीयार खोला, भकतर माला ।
हिं. अ. अफीमची को अंगीठी और भक्त को जपमाला ।
E. T. The frying pan to the opium-eater and the rosary to a devotee.

कालिर लराइ परहिर गीत गाय ।
हिं. अ. कल का लड़का परसों का गीत गाए ।
E. T. A babe born yesterday, sings a song of day-before-yesterday.

कालो काल विषम काल, छागे चेलेके बाघर गाल ।
हिं. अ. समय भी कैसा विपरीत है, हीरन बाघ का गाल चाटता है ।
E. T. Oh ! what an odd time, the goat licks the tiger's cheek !

किना तेलर तेलनि, तेनेइ् नायाय (नाजाय) पेलनि ।
हिं. अ. खरीदे हुए तेल में पकायी सब्जी यों फेंकी नहीं जा सकती ।
E. T. The gravy made of purchased oil is never wasted.

किना हाँहर ठोँटलेके मगङ्गह ।
हिं. अ. खरीदे बतख की चोंचतक मांस । (खाना चाहिये ।)
E. T. When a duck is paid for, has flesh eatable upto its beak. (consume maximum portion of it, as it has cost you something.)

किहत करिलो कि, धान दोन दि पैटो आनिलो, नितो किलाय सि ।
हिं. अ. क्या से क्या हो गया, धान टुकड़ी देकर लाया भतार, रोज केवल मारता रहता है ।
E. T. It's strange ! I got a husband for a maund of paddy, he only beats me now and then.

कुमलीया आदा देखी टिकात मचि खाय ।
हिं. अ. हरा-कोमल अदरख चूतड़पर साफ कर खाये ।
E. T. Having seen the ginger tender, he brushed it on the buttocks and consumed.

केकेंटुवार बाँहर पातेइ भेटी ।
हिं. अ. बाँस का पत्ता, गिलहरी को भेंट ।
E. T. Bamboo leaves are a present to a squirrel.

खाइ उठि खाबर मन, ताके बोले राक्षस गण ।

हिं. अ. खाने के बाद जिस का खानेपर मन, उस का समझो राक्षस-गण।

E. T. One whose mind is set on food even after his meals, belongs to the race / clan of Rakshasas.

खाब जानिले चाउलइ् चिरा, बहिब जानिले माटियें-इ पिरा ।

हिं. अ. जो खाना जाने उसे चावल ही चिवड़ा, जो बैठना जाने उसे ज़मीन ही आसन (बैठक) है।

E. T. Rice is puffed corn for one who knows how to eat and bare ground is a seat for one who knows how to sit.

खाबलै नोहोवार पेट डाङर, पिन्धिबलै नोहोवार कंकाल डाङर ।

हिं. अ. जिस को खाना नहीं मिलता उस का पेट बड़ा, जिस को पहननेको नहीं मिलता उस की कमर बड़ी।

E. T. One who does'nt get enough food, has a big belly; one who does'nt get enough to wear, has a big waist.

खालेहे जाने फल तिता ने मधुर; गले हे जाने पथ दूर ने विदूर ।

हिं. अ. खाने से ही ज्ञात होता है फल कडुआ है या मधुर, जाने से ही पता चलता है पथ समीप या दूर।

E. T. One knows whether the food is tasty or insipid only after eating. One knows whether the distance is short or long, only after walking.

खालो येन (जेन) तेन करि, उठों कार गात धरि ।

हिं. अ. कैसे वैसे खा तो लिया, अब उठूँ किस को पकड़कर।

E. T. With great effort, I have consumed the food, whose support should I solicit to get up.

खुजि आनि बिलाइ खाय, हाते हाते स्वर्ग पाय।

हिं. अ. माँगकर लाये और बाँट दे उसे हाथोंहाथ स्वर्ग मिले।

E. T. One who brings and distributes, gets an instant entrance to the heaven.

खोरार खोजेपति अपराध ।

हिं. अ. लंगड़े का हर कदम अपराध है।

E. T. To a lame, every step is a calamity.

गछका दुबरि लुबरी-थुबरी ।

हिं. अ. कुचली हुई दूब बढ़े कैसे ?

E. T. Treaded grass can not have luxurious growth.

गछत उठा मरे, लगा-होवा भरे ।

हिं. अ. पेड़पर चढनेवाला मरता है, साथवाला भरता है।

E. T. One who climbs the tree, dies (of a fall), but one who accompanies, fills (his bag).

गणकर जोलोङा नेदेखिबा सरु, चाउल धरे, चरु धरे, आरु धरे गरु ।
हिं. अ. दैवज्ञ की झोली होती नहीं छोटी, चावल, बर्तन और गाय भी उस में आती।
E. T. The astrologer's bag is big enough; it holds rice, utensils and a cow too.

गतियाइ निओताँ नाइ दोलात या (जा) य ।
हिं. अ. जिस को धकेलनेवाला कोई नहीं, वह पालकी में बैठना चाहे।
E. T. One who has no one to push forward wants to ride a palanquin.

गन्धहीन फुलर आदर नाहीं ।
हिं. अ. सुगन्धहीन फूलों का आदर नहीं होता। (की कदर नहीं होती।)
E. T. Scentless flowers are not admired.

गपत गङ्गाटोप ।
हिं. अ. अहंकार मे गङ्गाटोप (एक बड़ी मछली)।
E. T. A globe fish in pride. (which swells itself so much that it bursts)

गपे सिद्धि, जपे सिद्धि ।
हिं. अ. सिद्धि, बातों से, या हाथों से (काम से)।
E. T. Achievements are through boldness or through constant work.

गरु चुर करि पाघात धरिब लाज ।
हिं. अ. गाय की चोरी की और रस्सी पकड़ने में शर्म !
E. T. He steals the cow but is ashamed of holding its tying rope.

गरु ह'ल गरिया, पो ह'ल चोर; जी ह'ल नटिनी, उपाय हेराल मोर ।
हिं. अ. बैल बना आलसी, बेटा बना चोर, बेटी बनी नटी, खोया उपाय मोर (मेरा) ।
E. T. The bull has become indolent and the son a thief; the daughter has become a slut – I am totally helpless !

गलर घात तरे, आठुर घात मरे ।
हिं. अ. गले के घाव से बच गए, घूटने के घाव से मरे।
E. T. He is saved from an ulcer in the throat, but died of a sore knee.

गाइ गोवाले मिल हले एक आठु पानीतो दुब पारि ।
हिं. अ. गाय ग्वाले में मेल होवे, तो गाय घुटनभर पानी में दोही जावे।
E. T. If the cow and the milkman agree the cow can be milched in knee-deep water.

गाखीरर सोवाद घोलेरे पलुवाय ।
हिं. अ. दूध की प्यास छाछ से मिटावे।
E. T. He satisfies the taste of milk with butter-milk.

गात नाइ कापोर-कानि, चुतीया शालिकाइ ल याय (जाय) टानि ।
हिं. अ. जिसके बदनपर चीथड़े भी नहीं उसको तुच्छ शालिका भी खींच ले जाती है।
E. T. The poor chap who has not even rags on his body, even bloody partridge pulls him along.

गिरि नोहोवा गरु, ढाकनि नोहोवा चरु ।
हिं. अ. बिना मालिक की गाय और बिना ढक्कन की कड़ाही/थाली।
E. T. A cow without an owner and a pan without a cover.

गँधेला मुखखन गाखीरेरे धोवे, कंकाल भङा बिरली मणिकूटत शोवे ।

हिं. अ. बदबूदार मुख दूध से धोवे, टूटी कमरवाली बिल्ली मंदिर में सोवे ।

E. T. Pussy cat with her waist broken washes her filthy mouth with milk and sleeps in the temple.

घरखनर भितरत एकेटि गरु, ताक दिछिलों एराल; आबोलि बेलिका बताहजाक मारिले, सिओ लर मारि पलाल ।

हिं. अ. घर में एक ही गौ थी, उसको भी हमने आवारा छोड़ दिया था, दोपहर में जब आँधी आई, तो वह भी भाग गयी ।

E. T. There was only one cow in the shade. She was let loose. When there was a storm in the afternoon, she also fled away.

घरमुवा घोरा, बनमुवा बरा ।

हिं. अ. घर जानेवाला घोड़ा और बन में जानेवाला सूअर । (दोनों को अंकुश की ज़रूरत नहीं)

E. T. A homeward-bound horse and jungle-bound boar (need no goading).

घरर खाइ बनर मह खेदा ।

हिं. अ. घर का खाकर बन के भैंसों को भगावे ।

E. T. To eat of the house and turn away buffaloes in the forest.

घैनीये माछ खाय, बोन्दार मरण ।

हिं. अ. पत्नी ने मछली खाई, बिल्ली की मौत आई ।

E. T. The wife eats the fish, the cat is punished.

चपनीया चपावर गुण, टपटपनि शुन ।

हिं. अ. आपने उसको सहारा दिया, अब वाक्ताडन सहो (सुनो) ।

E. T. You gave him shelter, now hear his impertinent words.

चरणेहे जाने मरणर ठाइ ।

हिं. अ. चरण ही जानते हैं मरण का स्थान ।

E. T. The feet know the death spot. (they take you there).

चाकत घूरा कुमारर माटि ।

हिं. अ. चक्र में घूमनेवाली कुम्हार की मिट्टी ।

E. T. Clay turning on the potter's wheel.

चिकाक मारिले हात हे गोन्धाय ।

हिं. अ. छछूँदर को मारने से हाथ को ही दुर्गंध आएगी ।

E. T. (Only) your hands will be defiled, if you kill a mole.

चिना बामुनर लगुण नालागे ।

हिं. अ. पहचानवाले ब्राह्मण को जनेऊ से क्या ? (ज्ञात व्यक्ति के लिये प्रमाण की क्या आवश्यकता ?)

E. T. The known Brahmin needs no sacred-thread.

चेनेहर चुमात नाकटि छिड ।

हिं. अ. प्यारे के चुंबन में नाक कट ।

E. T. Nose is cut in a kiss of a paramour.

चोरक मोरे पाले, लोहाक मामरे खाले ।

हिं. अ. जैसे लोहेपर जंग चढ़ती है, वैसे चोरपर मोर हावी हो गया।

E. T. The thief was overpowered by a peacock, as the iron is overpowered by rust.

चोरे निया गरुर बाटे बाटे घाँह ।

हिं. अ. चोरी से लिए गाय को सारी राह में घास।

E. T. There is grass on every road for a stolen cow.

छाइ मुठि धरिले सोण मुठि हय ।

हिं. अ. हात में राख लेगा, तो मुट्ठिभर सोना होगा।

E. T. If he holds a handful of ash, it will become a handful of gold.

छागल मरार छमाह ह'ल, एतियाहे छाले बेबाय् ।

हिं. अ. बकरे को मरे छः महीने हुए, अब खाल मिमियाई।

E. T. It is six months the goat is dead and its skin now bleats. (crocodile tears, sham grief).

जयर दिनत भय नाई, मृत्युर दिनत औषध नाय् ।

हिं. अ. विजय – दिनों में भय नहीं, मृत्यु के दिन को दवा नहीं।

E. T. There is no fear in times of victory, there is no remedy against death.

जहरा तिरीर बहरा कथा ।

हिं. अ. बदनाम औरत की बड़ी बड़ी बातें।

E. T. The defamed woman has long tales to tell.

जाप मारि डेइछिलो उँइ–हाफलु, तिनि तिलिकित मारिछिलो बग,
खेदा मारि धरिछिलो मटा-हरिण, एतिया ना पाओं हाँहर लग ।

हिं. अ. कूद गया था (मैं) दीमक का पहाड़, क्षणभर में मार भगाया था बगुला, खदेड़कर पकड़ा था नर हीरन, अब न मिलता है हंस (बतख) का भी संग।

E. T. I had jumped over a anthill in a moment, I had scared a heron; I had caught hold of a deer; now I cant even catch a duck.

जी तुलिलो, जेवाँइर बुकत, पो तुलिलो बोवारीर बुकत ।

हिं. अ. बेटी बड़ी की दामाद के लिये, बेटा बड़ा किया बहू के लिये।

E. T. The daughter was reared up for the son-in-law, and the son for the daughter-in-law.

जुइर काषत घिउँ ।

हिं. अ. आग के पास घी। (अग्नि के पास घी।)

E. T. Ghee near fire.

टकार सुद घोरार आगत लरे ।

हिं. अ. रुपये का व्याज घोड़े के भी आगे दौड़े।

E. T. Interest on loans runs faster than horse.

टुटुकीया नइले गाओं नबहे ।

हिं. अ. चुगलखोर के बिना गाँव न बसे।

E. T. A village never goes without a talebearer.

टेङा आम एबार हे बेछिब पारि।
हिं. अ. खट्टे आम एक ही बार बेचे जाएंगे।
E. T. Sour mangoes could be sold only once.

ठन ठन मदन-गोपाल ।
हिं. अ. मूर्तिमंत मदन-गोपाल (गोबर गणेश)
E. T. Madan-Gopal in carnate. (An idle person)

डुमरुर फुल ।
हिं. अ. गूलर का फूल।
E. T. A flower of the fig. (A person who never meets.)

ढिले किल, टाने मान।
हिं. अ. ढिलाई को मार, गर्वी का सम्मान।
E. T. Hit the poor and respect the arrogant. (strange ways of the world)

ढेकि स्वगतो धान बाने ।
हिं. अ. ढेँकी स्वर्ग में भी धान कूटेगी।
E. T. A husking pedal will husk rice even in the heaven.

तातिर कि घोंरा बोवा, बान्दरर कि घर छोओवा ।
हिं. अ. जुलाहे को घोड़े से क्या, बानर को छप्पर छजने से क्या ?
E. T. What is the use of a horse to a weaver ? What is thatching a house to a monkey ?

तामोलर लगत ना खाय चूण, तार तामोलर कि बा गुण।
हिं. अ. सुपारी के साथ चूना नहीं खाया, तो उस सुपारी का गुण ही क्या है ?
E. T. If you don't eat lime with the betel-nut, you can't enjoy its taste ·

तिरि मिरि भाटौ कोवा, इ चारि संजात नोपोवा ।
हिं. अ. नारी, मिरी, तोता और कौआ–इन चारोंका विश्वास नहीं – भरोसा न करो !
E. T. A woman, the miri, a parrot and a crow all these four are unreliable.

तेल-तामोले चिरि, भात कापोरे गिरि ।
हिं. अ. तेल और बीड़े से सुंदरता और चावल कपड़े से गृहस्थी। (निखर आती है)
E. T. Oil and betel-leaf-nut, make up good countenance : rice and cloth make up good household.

तेल रजा, लोन पात्र, ज्वाला हालधी रङमात्र ।
हिं. अ. तेल राजा, नमक मंत्री, मिर्च हल्दी रंग मात्र ।
E. T. Oil is the king, salt is courtier, chillies turmeric only add colours.

तेलीर मूरत तेल ।
हिं. अ. तेली के सिरपर तेल।
E. T. Oiling an oilman's head.

थान हराले मान हराय ।
हिं. अ. स्थान खोया तो सम्मान खोया।
E. T. You lose your respect, if you lose your position.

थापदि खोवा चिलाइ पाखी सोपा हे ।
हिं. अ. झपटनेवाले चील के भाग में केवल पंखों का ढेर।
E. T. Snatching kites get the feathers only.

दाङ्गिब नोवारा शिलक परि नमस्कार ।
हिं. अ. जो पत्थर उठाया नहीं जाता, उसे प्रणाम।
E. T. The stone that cannot be lifted should be bowed at.

दानर गरुर दाँत नाचाबा ।
हिं. अ. दान में मिले गाय के दाँत क्या देखना ?
E. T. Do not look at the teeth of a gift-cow.

दाम चाइ काम ।
हिं. अ. जैसा दाम वैसा काम।
E. T. Work according to wages.

दिनर पर्ब्बत रातिर जुइ, ताक नेखेदि थाक शुइ ।
हिं. अ. दिन का पहाड़, रात की आग, उसे देख फिर न जाग।
E. T. Better remain sleeping than running after mountains at day time and a fire at night.

दुइ नावत दुइ भरि, रक्षा करा हे हरि ।
हिं. अ. दो नावों में दो पाँव, भगवान ही बचाये।
E. T. O God ! save him, who has his two legs on two boats.

दुख न करिले सुख न भरे ।
हिं. अ. कष्ट किये बिना मुँह नहीं भरता – (खाना नहीं मिलता) ।
E. T. You can't earn food without toil and sweat.

दूरैर गङगा ओचरत मिला ।
हिं. अ. दूर की गंगा पास मिली।
E. T. The distant Ganga was found near at hand.

पाठभेद हात मेलि स्वर्ग पोवा ।
हिं. अ. हाथ फैलाया स्वर्ग मिला।
E. T. Stretch your hand and reach heavens.

देखिब नोवारों या (जा) क, देखो घने घने ताक,
चाबलै बिचारों या (जा) क, एबारों न देखों ताक ।
हिं. अ. जिस को नहीं चहाता, उस को बार बार देखता हूँ, जिसको चाहता हूँ, वह एकबार भी नहीं दिखाई देता।
E. T. I see him often whom I don't like, I don't see him even once whom I love so much.

देखिले चकु टोके, ने देखिले हिया पोरे ।
हिं. अ. देखते रहे तो आँख जले, न देख सकें तो दिल जलें।
E. T. Eyes burn if within sight, heart burns if out of sight.

धन, जन, मन, शत्रु तिनिजन ।
हिं. अँ. धन, जन, मन, ये तीन शत्रु हैं।
E. T. Money, men and mind are the three enemies.

धन दिले धोबाई मेखेला को कोबाय ।

हिं. अ. पैसा देनेपर धोबी औरत का घागरा भी धोवेगा ।
(वास्तव में नारियाँ अपना घागरा स्वयं धोती हैं ।)

E. T. If paid for, the washerman will wash even a lady's skirt. (normally it is washed by the lady herself).

धरिब लागे गाइर बाँटत, धरे हालोवार बाँटत ।

हिं. अ. पकड़ना था गाय का थन, पकड़ा गया बैल का ।

E. T. He was supposed to feel the udder of the cow, instead he felt that of a bullock.

धान पके माने हुनीर मरण ।

हिं. अ. धान पकने तक चिड़िया मर जायगी ।

E. T. The bird will die till the paddy is ripe.

धिन्‌दाओ भद्र कालि, माटितो नोशोवे पाटीलो नोशोवे, ताक थम केने करि ।

हिं. अ. ता धिन, श्रीमानजी मिट्टीपर न सोवे, न तख्तीपर सोवे, कैसे उसे यहाँ रक्खें ।

E. T. A person with such a pomp, would not sleep on the ground or on the bed either, where to lodge him.

नगरत जगर लागिल, निलगते चेइ चेइ ।

हिं. अ. नगर में झगड़ा हुआ, दूर ही भागाभाग ।

E. T. There was a row in the town and panic in the out-skirts.

नते नुबुड़ी, पुराणि हले छबुड़ी ।

हिं. अ. नयी के नौ गुन, पुरानी के छः गुन ।

E. T. Nine virtues in the new one and six in the old.

नपुंसकर पुंसबर्न ।

हिं. अ. नपुंसक का पुंसवन । (जो संस्कार पत्नी के प्रथम गर्भावस्था में किया जाता है ।)

E. T. " Punshaban " of an eunuch. (Samskara-rite performed during the first pregnancy of the wife,)

न बांचिबर कन्यार ओंठरता मत।

हिं. अ. बसना न चाहनेवाली बहू की अठारह युक्तियाँ (बहाने) ।

E. T. A woman who does not want to settle down has eighteen excuses.

नाइ नाइ चाउल पात, बहाइ दे शुदा मात ।

हिं. अ. चावल नहीं तो क्या हुआ, वैसे ही भात बनाओ ।

E. T. If you don't have corns, prepare plain rice.

नाइ भूमि चतुर्सीमा, हालोवा गरुइ पारे डिमा ।

हिं. अ. चतुःसीमा है, ज़मीन नहीं, मानों बैल का अण्डा ।

E. T. He who has no lands looks for its boundaries, like the laying of eggs by a bullock.

नाइ मरा बुलि कि नराओ देखा नाइ ।

हिं. अ. मैं मरा नहीं हूँ, क्या मैंने मरा हुआ देखा भी नहीं ?

E. T. Though I have never died, have I not seen a dead ?

नाइ मामात क कणा मामाइ भाल ।
हिं. अ. मामा के न होने से अंधा मामा अच्छा ।
E. T. A blind maternal uncle is better than none.

नाओर बल बैठा, धानर बल कैठा ।
हिं. अ. नाँव का बल डाँड़ में, धान का बल बीज में ।
E. T. The strength of a boat is in its oars; the strength of paddy is in its seedlings.

नाबा बुलिले औ चारि चापर बाय, बा बुलिले ये (जे) लेख-जोखेइ नाइ ।
हिं. अ. न बजाओ कहनेपर चार बार बजाए, बजाओ कहनेपर कितनी बार बजाएगा उस का हिसाब ही नहीं ।
E. T. He plays the (instrument) four times, when totally prohibited to do so; how many times will he play if permitted to.

नाम काढिब नोवारि तावै बोले ।
हिं. अ. शब्द भी नहीं बोल सकता, और कहता है ' तावै ' ।
E. T. He calls him ' Tawai ' as he is unable to utter the name. (to be courteous).

नामाताइ सन्मतिर चिन ।
हिं. अ. मौन ही सम्मति का लक्षण ।
E. T. Silence is consent.

निज देशत ठाकुर पर देशत कुकुर ।
हिं. अ. अपने देश का पुजारी परदेश में कुत्ता ।
E. T. A priest in one's own land is but a dog in other country.

निजनामा उत्तमा, पितृनामा मध्यमा, शहुरनामा अधमा ।
हिं. अ. अपने नाम रहे (अपने बलपर) सो उत्तम, पिता के नामपर जीए सो मध्यम, और श्वशुर के भरोसे जीए सो अधम ।
E. T. One who stands on his own legs is the best, one who depends on his father is just good, but who lives on the oars of his father-in-law, is the worst.

निजर पोवे माछ मारिछे, सुख जुबुरियाइ खा ।
लोकर पोवे माछ मारिछे, बेड़र जलङाइ छा ।।
हिं. अ. अपने बेटेने मछली पकड़ी, जितना चाहो भोगो [खा लो] दूसरे के बेटेने मछली पकड़ी दीवार के झरोखे से देखो ।
E. T. When your son catches fish, enjoy to your heart's content, if some other's son catches fish you can only watch through the holes in the wall.

निमाती गरु गु खोवात काल ।
हिं. अ. शांत गाय, सब कहीं गू खाय ।
E. T. Silent cows are expert at eating excreta.

नुमाबर आगते चाकि ज्वलि उठे ।
हिं. अ. बुझने के पहले दिया भभकता ह ।
E. T. A lamp lights up bright immediately before it goes out.

नेगुर कटा निलाजर बारीये बाट ।

हिं. अ. दुम कटे निर्लज्ज की बाग के बीच से राह।

E. T. The shameless with a cropped tail has his way through a garden.

नौ दोते करियाइ माते ।

हिं. अ. गाय के दुहने से पहले लोटा/पात्र बोले।

E. T. The milk pot sounds before the cow is milched.

पछीवाइ दुवार मेले बरलात जगर लागे ।

हिं. अ. पछवाँने दरवाजा खोला, विधुर को दोष लगा।

E. T. The gush of the western wind opened the door, but the widower was blamed for it. (a widower is always a suspect.)

पयता पालमश, कर्करा लरमरा; तपत, दिनटोले गाही शकत ।

हिं. अ. पानी में भिगोया चावल कामचलाऊ होता है, खस्ता चावल फुर्तीला होता है और गरम चावल दिनभर चुस्त रखता है।

E. T. Fermented rice helps to mark time, cold rice helps one in hurry, hot rice keeps one's body fit for the whole day.

परत आश, बनत बास ।

हिं. अ. दूसरों के भरोसे जीना, वनवास जाना।

E. T. To depend on others is to live in the forest.

परर टकात पोद्दारी ।

हिं. अ. दूसरे के पैसों से साहुकारी।

E. T. Money-lender with other's money.

पर रुचि काछान्, स्वरुचि भोजन् ।

हिं. अ. लोगों को भाये सो पहनो, अपने को भाये सो खाओ।

E. T. Dress as it pleases others, eat as you please.

पर्ब्बतत दुरार डिमा, पुहत बाण, बरलाकें खोजे शुकान धान ।

हिं. अ. पर्वत में कछुए का अंडा खोजे, पूस में बाढ़ चाहे और रंडुए से सूखा धान मांगे।

E. T. He seeks tortoise's egg in hills, expects flood in winter and asks a widower for dried rice.

प्रथम पहरत आटाइ जागे, द्वितीय प्रहरत भोगी;
तृतीय पहरत चोर जागे, चतुर्थ प्रहरत योगी ।

हिं. अ. रात्री के प्रथम प्रहर में सब जागते हैं, दूसरे प्रहर में भोगी, तीसरे प्रहर में चोर जागते हैं, चौथे प्रहर में योगी।

E. T. All are awake in the first part of the night, the pleasure-seekers keep awake in the second part, the thieves are busy in the third part of the night and the ascetics are awake in the fourth part of the night.

पानीत थाकि पियाहत मरा ।

हिं. अ. पानी में रहकर प्यास से मरा।

E. T. Living in water he died of thirst.

पालै बोवारी चाओं, घुरि घुरि मोलै हे पाओं ।
हिं. अ. बेटे के लिये देखता हूँ बहू, बार बार अपने लिये ही पाता हूँ ।
E. T. I search for a wife for my son, and every time I get one for me.

पेट भराइ खाले, लक्ष्मी छार निदियै ।
हिं. अ. भर पेट खानेवाले को लक्ष्मी नहीं छोड़ती ।
E. T. Laxmi the goddess of wealth would not leave him who eats bellyful.

पेटर नाइ भात, रजाइ करे उत्पात ।
हिं. अ. पेट में भात भी नहीं है, और राजा जुल्म करता है ।
E. T. No food in the belle and (moreover) the king inflicts atrocities.

पोन आङुलिरे घिउँ नोलाय ।
हिं. अ. सीधी उँगलीसे घी नहीं निकलता ।
E. T. A straight finger cannot take out ghee.

फाला बाँह जाप नाखाय ।
हिं. अ. टूटा बाँस जुड़ता नहीं ।
E. T. A split bamboo cannot be rejoined.

फाली फोट मारिलेइ महन्त नहय ।
हिं. अ. केवल टीका (तिलक) लगाने से महन्त नहीं बनता ।
E. T. One does'nt become a saint by merely applying a sandal-wood mark on the forehead.

फिरिङ्गतिये खाण्डप दहे ।
हिं. अ. चिनगारी से खाण्डव बन जले ।
E. T. A spark would burn the whole khandava forest.

बन छिङोते मोहा मरिल, मइ बोलो मोहा रणत परिल ।
हिं. अ. बन तोड़ते मरा मौसा, मैने सोचा रण में ही मरा ।
E. T. The maternal uncle died while cutting the wood. I thought he died in the battle.

बनर बाघे नाखाय, मनर बाघे खाय ।
हिं. अ. बन का बाघ नहीं खाता, मन का बाघ खाता है ।
E. T. The tiger of the forest does'nt devour, but the tiger of the mind does.

बर नाओर काण्डारी, राजाघरर भाण्डारी ।
हिं. अ. बड़े नांव के पतवारिया, या राजभण्डारी (होना अच्छा) ।
E. T. Be at the helm of a big boat or in charge of the royal stores.

बाँहर आग तल याओक, काउरीर रङ चाओँ ।
हिं. अ. यदि चोटीतक बाँस डूब जाय, हम कव्वों की आफत देखेंगे ।
E. T. We will enjoy the distress of the crows if the flood water rises upto bamboo tops.

बाघे घोडे लगे–चरे, काको पाले कोवे नेरे ।
हिं. अ. घोड़ा और बाघ यदि साथ चरे, अवसरपर कोई किसी को न छोड़े ।
E. T. If a horse and a tiger graze together, they do'nt leave each other. (when there is danger.)

बान्दरर घा, खुचरिले बहल हय ।
हिं. अ. बन्दर का जख्म, खुजलाने से बड़ा होगा ।
E. T. A monkey's ulcer would be augmented by scratching.

बान्दरर मुखर कल भुकुवालेहे सरे ।
हिं. अ. बन्दर के मुख का केला फुसलाने से ही गिरे ।
E. T. A banana in a monkey's mouth can fall down just by coaxing him.

बान्दीर बाढनित गप ।
हिं. अ. नौकरानी का दंभ उस की झाडू में ।
E. T. The housemaid is proud of her broom.

बापर जन्मत घोरा नाइ, टिकात लेकाम लगाय ।
हिं. अ. बाप ने जनम में न देखा घोड़ा, (बेटा) चूतड़ में लगाम लगावे ।
E. T. His father never saw a horse and he reins the horse on the buttocks.

बापेक मरिल खाब लब नोवारी, पुतेक हैछे बाघर पोवालि ।
हिं. अ. बाप मरा खाने पहने के अभाव से, बेटा बना है शेर का बच्चा ।
E. T. The father died having nothing to eat, the son has become a tiger's cub.

बामुण चाइ दखिना, गणक चाइ भोजनी ।
हिं. अ. ब्राह्मण (की योग्यता) देखकर दक्षिणा दो, दैवज्ञ (का ज्ञान) देखकर भोजन दो ।
E. T. Pay honorarium to a Brahmin according to his deserts and give eatables to an astrologer according to his merit.

बारटा माहर तेरटा जगर, सदाय नुगुछे एटाइ लगर ।
हिं. अ. बारह मास में तेरह बीमारियाँ, एक न एक चिपकी रहेगी ही ।
E. T. In twelve months there are thirteen indispositions of which one or the other would not leave.

बार देश फुरे यि (जि), बार कथा शिके / शुने सि ।
हिं. अ. बारह देश घूमे जो, बारह बातें सीखे वो ।
E. T. One who travels in twelve lands, learns twelve arts.

बार मुणिर तेर मत ।
हिं. अ. बारह मुनि और तेरह मत ।
E. T. Twelve ascetics and thirteen faiths (--sects).

बारीर तामोल केर्केटुवाइ खाय, आमाक दिये जानो अथले जाय ।
हिं. अ. बाग की सुपारी गिलहरी तो खाती ही है, हमें देने से क्या बेकार जाएगी ?
E. T. The squirrel eats the betel-nuts, would it be a waste if you give me ?

बिड़ाली चाले बाघ चाब नालागे ।
हिं. अ. बिल्ली को देखा तो बाघ को देखने की जरूरत नहीं।
E. T. Look at the cat, and there is no need to look at the tiger.

बिष नोहोवा सापर फोंपाउरिये सार ।
हिं. अ. विषहीन साँप केवल फूत्कार करे।
E. T. A venomless serpent only hisses.

विश्वकर्मा किमानर कारिकर, जगन्नाथर मूर्तितेइ चिन ।
हिं. अ. विश्वकर्मा कितना बड़ा कारीगर है यह जगन्नाथ की मूर्ति से पहचानो।
E. T. How great an artisan Vishvakarma is, can be known by seeing Lord Jagannath idol.

बुढ़ाइ बुढ़ाइ कथा हय, कथाय कथाय कौंहे । डेकाइ डेकाइ कथा हय, कथाय कथाय हाँहे । लराइ लराइ कथा हये, कथाय कथाय द्वन्द । तिरीये तिरीये कथा हय, कथाय कथाय छन्द ।
हिं. अ. बूढ़ा बूढ़े से बातें करें तो बात बात में खाँसी। युवक युवक से बातें करे तो बात बात में हँसी। बच्चा बच्चे से बातें करे तो बात बात में द्वंद्व। स्त्री स्त्री से बातें करे तो बात बात में छंद।
E. T. The old speaking to an old coughs at every word. The young speaking to young laughs at every word. The child speaking to a child quarrels at every word. The woman speaking to a woman rhymes at every word.

बुढ़ार कथा नुशुन डेका, टानत परि किय केका ।
हिं. अ. युवक बूढ़े की बात न सुने, आफत में पड़कर पछतावे।
E. T. Youngsters will not heed the advice of the old and then repent in difficulties.

बुढ़ार हातत चेंडेली ।
हिं. अ. बूढ़े के हाथ में युवती।
E. T. A young maiden in the hands of an old man. (useless)

बुढी शालिकीये मात न धरे ।
हिं. अ. बूढ़ी शालिकी बोलना न सीखे।
E. T. An old bird does not learn to mutter words.

बेटीर खं बाढ़नित ।
हिं. अ. नौकरानी का गुस्सा झाड़ूपर।
E. T. The broom suffers the wrath of the maid-servant.

बैकुण्ठत असुर मिलिल । – नाम्निल
हिं. अ. वैकुण्ठ में असुर मिला। – उतरा.
E. T. An ' asura ' appeared in ' Baikundha '.

बोबार शत्रु नाइ ।
हिं. अ. गूँगे का शत्रु नहीं।
E. T. The dumb has got no enemy.

भाइ भाइ कन्दल परे पाइ आश, तिरुतारे कन्दलघरेइ प्रबास।
हिं. अ. भाई भाई में झगड़ा हो तो औरों को संतोष मिले (मौका मिले); पति-पत्नी में झगड़ा हो तो अपने ही घर में निर्वासित।
E. T. Others get an opportunity to interfere if brothers quarrel. Quarrel with your wife and you are homeless in your own home.

भाले पाय भालक, जाबरे पाय खालक।
हिं. अ. अच्छे को अच्छा मिलता है, और कूड़े को उकरड़ा।
E. T. Good people are the recipient of good things, while a trench is recipient of garbage.

घुँहुरातो र'द दिये।
हिं. अ. उकिरड़ेपर भी सूरज चमके।
E. T. The sun shines even on the dunghill.

भुकुते कल न पके।
हिं. अ. पीटने से (मसलने से) केला नहीं पकता।
E. T. A banana does'nt ripen by giving mere blows.

भूतर मुखत रामनाम।
हिं. अ. भूत के मुँह में रामनाम।
E. T. The name of Rama in the mouth of the devil.

मइ बर हस्ती बनत, माखिये कणी पारे नाकत।
हिं. अ. मैं बड़ा हाथी हूँ बन में, मक्खी अंडा देती है कान में।
E. T. I am a great elephant in the jungle, the fly lays eggs in my ear.

मने जाने पाप, माकेहे जाने कोन कार बाप।
हिं. अ. मन ही जानत है पाप, माँ ही जानती है कौन किस का बाप।
E. T. The mind knows the sin and the mother knows who is the father of the child.

मरार मुखत कोने चुमा दिये ?
हिं. अ. मुर्दे का मुँह कौन चूमे ?
E. T. Who kisses the face of a dead man ?

महादेबर धन कुबेर भँड़ाली।
हिं. अ. धन महादेव का, कुबेर भंडारी।
E. T. Mahadeo posseses all the wealth of the world and Kubera is only the treasurer of Mahadeva's treasures.

माछर गा धोवा।
हिं. अ. मछली का स्नान!
E. T. A fish taking bath.

माछर लरफर बामि, भारर लरफर साङी।
हिं. अ. बामी (लम्बी-पतली मछली) सीधी नहीं रहती; और जिस लकड़ीपर बोझ है और दो ढोनेवाले हों, सीधी नहीं रहती।
E. T. Bami, a long and slender fish does not remain straight. The pole on which a load is carried by two, cannot remain straight.

माटि बेटियै कन्दलर मूल ।
हिं. अ. मिट्टी (जमीन) और बेटी, झगडे का मूल।
E. T. Land and women are the cause of quarrel.

मूर खुराओंते लरा मरिल, बेजर गात हे जगर लागिल ।
हिं. अ. सिर मुँड़ने में लड़का मरा, नाई पर कसूर मढ़ा।
E. T. The child dies while being shaved in the head and you lay the blame on the barber.

मूर्ख वैद्य यमसम ।
हिं. अ. मूर्ख वैद्य यम के समान।
E. T. A foolish doctor is as good as Yama (the God of death).

मेकुरी मरे मूरर विषत, इन्दुरे बोले मोके चोपे ।
हिं. अ. बिल्ली मरे सिरदर्द से, चूहा समझे ' मेरी ताक में है।'
E. T. The cat is dying of headache and the mouse thinks that it is waiting for him.

मेधी माटित बहिले आने गात खान्दिब हे लागिल् ।
हिं. अ. धर्मगुरु यदि ज़मीन पर बैठे तो औरों को गड्ढे खोदने पड़ेंगे। (उस से नीचे बैठने के लिए।)
E. T. When the religious head squats on the ground others shall have to dig holes for them. (to sit at a lower level.)

मोमाइर सातजनी गाइ, मोर नाम दुधकोवर.
हिं. अ. मामा की सात गौएँ और मेरा नाम दूधकुँवर।
E. T. My maternal uncle has seven cows and my name is " Mr Milkman. "

मोमाये काठ काटे, मामीये पानीहेन देखे ।
हिं. अ. मामा लकड़ी काटे, मामी पानी सा देखे।
E. T. Uncle hews wood,aunt considers it easy as (carrying) water.

य (ज) त करक घतर-मतर, तेल निदिले न घूरे यँतर ।
हिं. अ. कितना भी इधर उधर करो, बिना तेल दिये चरखा काम नहीं करेगा।
E. T. How so ever you try, the spinning wheel will not work without lubrication.

य (ज) त दोष नन्द घोष ।
हिं. अ. जितना दोस है नन्द घोष के माथे।
E. T. All the discredit goes to Nanda Ghosh. (a scapegoat)

य (ज) ते थाकिबा लर्बति काल, तार कि ताल बेताल ?
हिं. अ. जहाँ हमेशा रहना है, उस स्थान को भला बुरा क्या कहना।
E. T. It is useless to call good or bad the place where you reside all the time.

य (ज) ते बाघर भय ततेइ राति हय ।
हिं. अ. जहाँ बाघ का भय वहाँ रात होती है।
E. T. The night falls where there is fear of tigers.

य (ज) ते या(जा)य यु (जु) गी, तते कुबा कुबि ।
हिं. अ. जहाँ भी जाय, जुगी को मार पड़ती है।
E. T. There are blows wherever the jugee goes. (Jugee = a low-born)

यदि हय मुनिजन, तेओ सोधे तिनिजन ।
हिं. अ. मुनि (ज्ञानी) होने पर भी तीन से पूछे।
E. T. Even the sage would consult three persons.

या (जा) क कलाओ ँता नाइ सि औंर तलत याय (जाय) ।
हिं. अ. जिस को मारनेवाला कोई नहीं, वह 'औ' पेड़ के नीचे जाता ह ।
E. T. He, who is not hit by anybody, goes beneath an 'Au' tree.

या (जा) के बोला आपोन, सिये भराब छपोन ।
हिं. अ. जिसको अपना समझें, वही छह पोन उठा ले जायगा।
E. T. He will take away six 'pon' whom you call your own.

यार (जार) खाब जाबर मन, शौंचलै गलेओ आजोरे बन ।
हिं. अ. जिस को खाने जीने की इच्छा है, वह शौच करते समय भी घास बटोरेगा।
E. T. He who wants to live, weeds grass while attending the natures call.

यार (जार) नाइ केचुवा, ढेकी-ठोराके नचुवा ।
हिं. अ. जिस को बच्चा नहीं, वह ढेंकी का लठ लेकर नाचता है।
E. T. One who has no issue, dances with a pestle of the husking pedal.

यार (जार) नाइ गरु, बृन्दाबनत चारे, या (जा) र नाइ तिरि, एके किले मारे ।
हिं. अ. जिस की गाय नहीं, वृन्दाबन में चरावे, जिस की पत्नि नहीं, एक घूसे से मारे।
E. T. One who has no cow, grazes her in Vrindaban; one who has no wife lands her a box/blow (ridiculous).

या (जा) र सखा बृहन्नला, तार कि भयर कथा ।
हिं. अ. जिस का साथी बृहन्नड़ा, उस को भय कैसा ?
E. T. Why should he be afraid of, whose associate is Brihannada,

यि (जि) करे पाप, सि पाँच बेटार बाप, जि करे पुइन, तार घरत शुइन ।
हिं. अ. जो पाप करता है, उसके पाँच बेटे होते हैं। जो पुण्य करता है उसके कोई संतान नहीं।
E. T. The sinner has five sons, the righteous has none.

यु (जु) जिलेइ जाने कार किमान बल, नामिले हे जाने नदीत किमान जल ।
हिं. अ. जूझने से मालूम होता है किस में कितना बल है, उतरनेसे मालूम होता हैं नदी में कितना जल है।
E. T. Reciprocal strength can be gauged after fighting; and the (depth of the) water can be ascertained only by getting into it.

ये (जे) तिया आहे भतर, तेतिया लय यंतर ।
हिं. अ. जब पति आवे, अपने सामने चरखा रखले। (काँतना शुरू करे)
E. T. When the husband comes, she sits at the spinning wheel.

ये (जे) तिया मारिब ढोलत चापर, तेतिया लबा मुरत कापोर ।
हिं. अ. ढोलपर चोंट पड़ने पर सिरपर घूंघट खींचो।
E. T. Veil your head when the drum is beaten,

ये (जे) ने कुकुर तेने टाङोन ।
हिं. अ. जैसा कुत्ता, वैसी लकड़ी।
E. T. As the dog, so the stick (to beat him).

रजा नाइ पाटत, धरि किलाय बाटत ।
हिं. अ. राजा नहीं राजधानी में, तो पकड़ पीटो रास्ते में।
E. T. The king is not there in the capital. catch hold of anybody in the street and hit him. (no law and order)

राइजेइ रजा, ज्ञातियेइ गंगा ।
हिं. अ. जनता ही राजा है जाति ही गंगा है।
E. T. The subjects are the king and the caste is holy Ganga

राजाइ भाल पाय याक (जाक), ढेंकी पोखाली नालागे ताक.
हिं. अ. राजा जिसे चाहे उसे ओखली मूसल की क्या ज़रुरत ?
E. T. He needs no husking implements who receives royal favour.

राजार दण्डित काटा याय, तिरीर दण्डित पन्ता खाय ।
हिं. अ. राजा सजा दें तो (आदमी) मारा जाय, स्त्री सजा दे तो बाँसा भात खाना पड़े।
E. T. A man is slain at the king's punishment, a man eats fermented rice at the wife's punishment.

राम नोहओँ तेइ रामायण ।
हिं. अ. राम के जन्म के पूर्व ही रामायण।
E. T. Ramayana was written before Rama's birth.

लङ्का पाले सकलो राक्षस ।
हिं. अ. लङ्का जाने से सभी राक्षस होते हैं।
E. T. Who so ever goes to Lanka becomes a demon.

लक्ष्मी सरस्वतीर मिल नाइ ।
हिं. अ. लक्ष्मी और सरस्वती में मेल नहीं।
